# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, वेबसाइट : bsea.bihar.gov.in. Email-bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 29|10|2021

## अधिसूचना

संख्या–नि॰ प्रा॰/नि॰ 1–02/2020 1667 प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 299 दिनांक 09.02.2021 द्वारा सारण जिला के मांझी प्रखंड अंतर्गत मांझी पश्चिमी पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम स्थगित किया गया था। उक्त पैक्स में नामांकन, संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापसी एवं प्रतीक आवंटन की प्रक्रियाएँ संपन्न हो चुकी थीं। चूँकि उक्त पैक्स की मतदाता सूची में नये नाम शामिल हुए है, अतएव मांझी पश्चिमी पैक्स का चुनाव नामांकन से निम्नवत निर्धारित किया जाता है–

| क | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | नामांकन की तिथि एवं समय | 15.11.2021 (सोमवार) एवं 16.11.2021 (मंगलवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 17.11.2021 (बुधवार) एवं 18.11.2021 (गुरूवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 20.11.2021 (शनिवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 27.11.2021 (शनिवार) 6:30 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतगणना | 27.11.2021 (शनिवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्) |

3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा अधिसूचना संख्या 77 दिनांक 11.01.2021 के तहत नामांकन दायर किया गया है, उन्हें अलग से नामांकन दायर करने की आवश्यकता नहीं होगी।

4. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में मांझी पश्चिमी पैक्स के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इस्तेहार यदि चिपकाकर किया जायेगा। दिनांक 08.11.2021 तक इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजेंगे।

5. मतदान का समय 06:30 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र ई–18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई–मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

6. निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के उपरांत प्राधिकार के वेबसाईट पर http://bsea.bihar.gov.in पर प्रपत्र–ई 18 से संबंधित सूचनाओं की प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।

7. अधिसूचना संख्या 77 दिनांक 11.01.2021 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

(पुरूषोत्तम पासवान)

सचिव।

Noti_01Manjhi Pashim PACS_ Societies_26-10-2021

ज्ञापांक : 1667 पटना/ दिनांक 29/10/2021

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 1667 पटना/ दिनांक 29/10/2021

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, सारण/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), सारण/ वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण/ वरीय अपर समाहर्त्ता/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, सारण/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), मांझी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), सारण से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1667 पटना/ दिनांक 29/10/2021

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 1667 पटना/ दिनांक 29/10/2021

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1667 पटना/ दिनांक 29/10/2021

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ श्री हरि किशुन राम, सहायक/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।